# Govt. Job aur Interview ke liye Mantra

यह उपाय शुक्ल पक्ष के मंगलवार से आरंभ करें। मंगलवार को प्रातः सूर्योदय के समय स्नान के पश्चात एक लोटे में जल एवं दो अगरबत्ती, पांच बताशे लेकर बरगद के वृक्ष के पास जाएं। पूर्व दिशा मुख करके बरगद की जड़ में जल चढ़ाएं। अगरबत्ती जलाकर दिखाएं। अगरबत्तियों को वहीं लगा दें तथा बताशे चढ़ा दें। बरगद का एक पत्ता तोड़ कर घर ले आएं। घर आकर पत्ते पर जल छिड़कें एवं लाल चंदन से ॐ हनुमते नमः' लिखें। तत्पश्चात हनुमान जी की तस्वीर या प्रतिमा के समक्ष शुद्ध घी का दीपक व अगरबत्ती जलाएं। इसके बाद बरगद के पत्ते को अपने सामने रखकर उस पर 'दो लौंग' रखें।

अब निम्न 'शाबर मंत्र' का 108 बार जाप करें :

ॐ पीर बजरंगी, राम-लखन के संगी, जहां-जहां जाय,
फतह के डंके बजाय, दुहाई माता अंजनी की आन।

इस प्रकार 108 बार जप के उपरांत लौंग को उठाकर लाल कपड़े में लपेट कर रख लें तथा पत्ते को हनुमान जी के मंदिर में हनुमान जी के चरणों में चढ़ा दें। इस प्रकार 11 मंगलवार करके समस्त लौंग इकट्ठे कर लें। नौकरी अथवा इंटरव्यू आदि कार्य में जाते समय, उच्च स्तरीय परीक्षा में भाग लेने हेतु जाते समय पुनः 21 बार इस मंत्र को बोलकर एक लौंग खाकर जाएं।